p>

Title: Need to provide stoppage of train no. 14545 / 14546 at Alam and Nanauta in Railway Stations and its modernisation in Uttar Pradesh.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): महोदय, मैं कैराना लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आता हूँ । हमारा लोक सभा क्षेत्र लगभग 150 किलोमीटर के रन में पड़ जाता है । हमारा लोक सभा क्षेत्र रेल सुविधाओं से पूर्णतया आच्छादित नहीं है । हमारे यहाँ डबल ट्रैक नहीं है । हमारे यहाँ रेल ट्रैक पर लंबी दूरी की ट्रेनें नहीं चल पाती हैं । हमारे यहाँ के लिए एक ट्रेन जनता एक्सप्रेस चलती है, जिसका नम्बर 14545 और 14546 है ।

मैं एलम और ननौता में इस ट्रेन के ठहराव की मांग करता हूं । एलम जनपद शामली में है और ननौता कस्बा हमारे सहारनपुर में है । दोनों में ही ठहराव का अनुरोध और मांग लम्बे समय से चली आ रही है ।

माननीय अध्यक्ष जी, मेरी सरकार से मांग है कि वहां पर ठहराव निश्चित रूप से कराने की कृपा करें । इसके साथ-साथ हमारे ननौता रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नहीं बना हुआ है । प्लेटफॉर्म न बनने की वजह से उस पर जो यात्री चढ़ते-उतरते हैं, उन्हें वहां बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । उस प्लेटफॉर्म का भी निर्माण ठीक प्रकार से हो, ऐसी मेरी सरकार से मांग है ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सुधीर गुप्ता जी ।

आपके पैर में चोट है, फिर भी आप यहां बैठे हुए हैं ।